आकाशवाणी श्री विजयपुरम

17.10.2026 समयः 1905

1. सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को इंटरनेट से बाल यौन शोषण संबंधी सामग्री हटाने के लिए व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित करने का निर्देश दिया।
2. डिगलीपुर के सहायक आयुक्त संतोष प्रकाश ने कल सरकारी सुविधाओं के कामकाज का जायजा लेने के लिए निश्चिंतपुर गांव का दौरा किया।
3. राश्ट्रीय एकता दिवस के तहत अंडमान निकोबार पुलिस दल ने 'ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई' के संदेश के साथ राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली में भाग लिया।
4. चुनाव आयोग की ओर से आगामी चुनाव में महिलाओं के आरक्षित सीटों के आवंटन के लिए लॉटरी आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 21 और 19(1)(अ) के अंतर्गत बच्चों सहित प्रत्येक व्यक्ति को इंटरनेट तक पहुंच और उसके इस्तेमाल का मौलिक अधिकार प्राप्त है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के नाम पर उन्हें इंटरनेट की सुविधा से पूरी तरह वंचित नहीं किया जा सकता। उसने ऑनलाइन मंचों पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री का पता लगाने और उसे हटाने की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिए। पीठ ने कहा कि इंटरनेट शिक्षा, विचारों के आदान–प्रदान और सामाजिक संपर्क का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों और विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए इसका विशेष महत्व है। न्यायालय ने पूर्ण प्रतिबंध के बजाय उम्र के अनुरूप और संतुलित सुरक्षा उपाय अपनाने पर जोर दिया। इन सुरक्षा उपायों को लागू करने की प्रक्रिया तय करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर छोड़ी गई है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने पी.एम. केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत विशेष छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार प्रमाणीकरण या आधार संख्या का प्रमाण देना अनिवार्य कर दिया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इस योजना के अंतर्गत पहली से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई जारी रखने के लिए सहायता प्रदान की जाती है। हालांकि, अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि आधार प्रमाणीकरण में विफल रहने या आधार संख्या जारी नहीं होने के कारण किसी भी बच्चे को सहायता से वंचित नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में, निर्धारित दस्तावेजों के माध्यम से बच्चे की पहचान और उसके माता–पिता या कानूनी अभिभावक के साथ संबंध की पुष्टि करने के बाद योजना का लाभ दिया जाएगा।

<><><><><><><>

आज विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस है। इसका उद्देश्य गरीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और गरीब व जरूरतमंद लोगों को बेहतर जीवन देने के लिए प्रयास करना है। 17 अक्टूबर 1987 को फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक लाख से अधिक लोग इकट्ठा हुए थे। उन्होंने गरीबी, भूख और हिंसा से पीड़ित लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गरीबी मानवाधिकारों का उल्लंघन है और हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का अधिकार मिलना चाहिए। इसके बाद हर साल 17 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाने लगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 दिसंबर 1992 को 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस घोषित किया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के सहायक आयुक्त संतोष प्रकाश ने कल सरकारी सुविधाओं के कामकाज का जायजा लेने और स्थानीय निवासियों की समस्याओं व शिकायतों को समझने के लिए निश्चिंतपुर गांव का दौरा किया। उनके साथ पंचायती राज संस्था के सदस्य भी उपस्थित थे। दौरे के दौरान, सहायक आयुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्र और स्कूल का निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त ने निवासियों को उनकी शिकायतों को संबंधित विभागों के समक्ष उठाए जाने और उनके समाधान के लिए उचित कार्रवाई करने का आ"वासन दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस दल ने 'ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई' के संदेश के साथ राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली में भाग लिया। यह रैली 31 अक्टूबर को गुजरात में मनाए जाने वाले आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस के सिलसिले में आयोजित की गई, जिसकी यात्रा हाल ही में मरीना बीच, चेन्नई से शुरू होते हुए कल हैदराबाद पहुँची। रैली के दूसरे दिन, टीम ओंगोल पहुंची, जहां पेस इंजीनियरिंग कॉलेज में ड्रग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नशीली दवाओं के सेवन को रोकने में युवा जागरूकता और जिम्मेदार विकल्पों के महत्व को उजागर किया गया। कल रैली के तीसरे दिन, टीम हैदराबाद पहुँची। राष्ट्रीय एकता दिवस में अपनी भागीदारी के माध्यम से, अंडमान निकोबार पुलिस नशीली दवाओं के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के व्यापक प्रयास में योगदान देना चाहती है। पुलिस ने जनता, विशेषकर छात्रों और युवाओं से नशीली दवाओं के सेवन से दूर रहने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषदों और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है। इस संबंध में चुनाव आयोग मध्योत्तर अंडमान में ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषद में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के आवंटन हेतु सत्ताईस अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे मायाबंदर के जिला परिषद सामुदायिक सभागार में, जबकि दक्षिण अंडमान जिले में अट्ठाईस अक्तूबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार में लॉटरी आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर सोसाइटी की ओर से आज डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में 'मानसिक कल्याण, भावनात्मक लचीलापन और मदद माँगना' विषय पर जागरूकता और संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य छात्रों को जीवन की चुनौतियों से निपटने में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और लचीलेपन के महत्व के प्रति जानकारी देना था। इस सत्र का संचालन अंडमान कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के प्रवक्ता के. शक्तिवेल; सोसाइटी की क्षेत्रीय प्रमुख मारिया शीला और सलाहकार के. विजय कुमार ने किया।

<><><><><><><>

चिह्नित मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता मेंटर्स के लिए आयोजित पाँच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सभी नौ शैक्षणिक अंचल क्षेत्रों के एक सौ ग्यारह प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य एफएलएन मेंटर्स की पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाना और उन्हें प्रभावी शिक्षण रणनीतियों की जानकारी देना था। इस अवसर पर राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास और स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। अपने संबोधन में, डॉ. एस. आर. डाइट के प्राचार्य ने बुनियादी स्तर पर शिक्षण और सीखने की प्रथाओं में आवश्यक बदलावों की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम.वी. चुगलुम सत्ताईस अक्तूबर को कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कछाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगा। संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और चढ़ाने के तुरंत बाद यह जहाज श्री विजयपुरम के लिए वापस प्रस्थान करेगा। माल की बुकिंग उन्नीस अक्तूबर से वाणिज्यिक भाखा में सुबह 9 बजे से दोपहर बारह बजे के बीच शुरू होगी। माल की लोडिंग बाईस तारीख से शुरू होगी। जहाज भाम चार बजे जंगलीघाट जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

जंगलीघाट स्थित सन यूथ क्लब को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, अट्ठारह सौ साठ और क्लब के नियमों के तहत लागू प्रावधानों के अनुसार भंग किया गया है। इस संबंध में किसी भी प्रकार के दावे और आपत्तियां निर्धारित अवधि के भीतर क्लब के अध्यक्ष के पास जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>